62 - No. 2

ॐ ओ३म् तत्सत् ॐ

सहज मार्ग

SAHAJ MARGA

वर्ष ६ Year 6

अंक २ Number 2

श्री रामचन्द्र मिशन, शाहजहाँपुर (उ०प्र०)
(भारतवर्ष)

Shri Ram Chandra Mission
Shahjahanpur, U. P. (India)

सम्पादक मण्डल
काशीराम अग्रवाल, शाहजहाँपुर
सूर्यप्रसाद श्रीवास्तव, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०)

1962 . 12 .

वार्षिक मूल्य ३) एक अंक १)

प्रकाशक — श्री रामचन्द्र मिशन पब्लिकेशन डिपार्टमेन्ट शाहजहांपुर
उत्तर प्रदेश (इन्डिया)

विषय सूची :-

विषय	लेखक	पृष्ठ
१—प्रार्थना		१
२—सम्पादक की बात		२
३—ब्रह्म ज्ञान	समर्थ गुरू महात्मा रामचन्द्र जी फतेहगढ़	३
४—गुरू, शिष्य और साधना	श्री रामचन्द्र जी, अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन	६
५—दर्द भरे आँसू	(एक अभ्यासी की सच्ची कहानी)	१६
६—प्रार्थना	श्री ईश्वरसहाय	२७
७—वैराग्य	कुमारी पुष्पारानी सक्सेना	३१
8. Gita	Shri Ram Chandra, President	35
9. Emotional Integration of India	S. C. Srivastava M. A.	42
10. Surrender	Shri Ishwar Sahai	46
11. A Thought	Shri Raghavendra Rao B. Sc., B. E., M. I. S. E.	53
12. Talks on Efficacy of Rajayoga	Dr. K. C. Varadachari M. A., Ph. D.	58

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

Rules of moral Discipline

1. Lead a simple life, uninfluenced by surroundings.
2. Be gentle, polite and sweet.
3. Maintain cordial dealings with neighbours and relations keeping yourself free from narrow bonds of relationship.
4. Pay due attention to responsibilities regarding children, family and relations. Husband and wife should act like the two wheels of a vehicle for the due discharge of household duties.
5. Give up the mania of friendship.
6. Develop uniform taste for all articles of food, with due regard to the pious and the unpious.
7. Behave with your officers with proper submission, abiding by the rules of subordinstion.
8. Avoid imposing your uncalled for opinion.
9. Avoid prescribing medicines to patients (physicians exempted) except in most exception cases where you are convinced that the case is otherwise going out of control.
10. Avoid telling your secrets to others and do not let one feel that it is being held up from him.
11. Avoid accepting personal services from others, except when it is unavoidable and that too only to the extent to which you yourself can be prepared for in return.
12. Avoid indulging in loose talks or reading of novels etc.

सहज मार्ग

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत ।

(उठोजागो !! गुरुजनों को प्राप्त कर ज्ञान-लाभ करो)

वर्ष ६] शाकाब्द १८८४, सं० २०१६ विक्रमी [Year 6
अङ्क २] Year 1962 [No. 2

प्रार्थना

हे नाथ, तू ही मनुष्य-जीवन का ध्येय है।
हमारी इच्छायें हमारी उन्नति में बाधक हैं।
तू ही हमारा एकमात्र स्वामी और इष्ट है।
बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है।

O, Master, Thou art the real goal of human life
We are yet but slaves of wishes
Thou art the only God and Power
to take me upto that stage.

[श्री रामचन्द्र मिशन की दैनिक प्रार्थना]

सम्पादक की बात :—

अपनी पत्रिका के सहृदय ग्राहकों और पाठकों को यह सूचित करते हुये हमें हर्ष हो रहा है कि पिछले कुछ अंकों के प्रकाशन में जो देर हो जाती थी वह अब दूर हो गई है । समर्थ सद्गुरु की आशीष और सहृदय पाठकों के स्नेह का सम्बल लेकर हमारी पत्रिका प्रगति पथ पर उत्तरोत्तर अग्रसर होती रहे, यही अनन्त परमात्मशक्ति से हमारी प्रार्थना है।

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्णजन्माष्टमी २१ अगस्त को अपने मिशन में मनाई जावेगी । सभी सत्संगी भाई-बहिनों से प्रार्थना है कि वह इस शुभ अवसर पर पधारकर सत्संग का लाभ उठावें।

इस वर्ष पारिवारिक कारणों से श्रद्धेय 'बाबू जी' को अपना दक्षिण भारत का दौरा स्थगित करना पड़ा। अब सितम्बर मास में पूर्वी भारत का दौरा करने का उनका इरादा है। हमारी प्रार्थना है कि उनकी यह यात्रा मंगलमय हो और देश के उस भाग में नव जाग्रति की प्रेरक बने।

—सम्पादक

ब्रह्म-ज्ञान

(समर्थ गुरु महात्मा रामचन्द्र जी महाराज, फतेहगढ़)

(क्रमागत)

नीचे के क्षेत्र में यह दिल मूढ़ गति (ला इल्मी की हालत) में रहता है। बीच के भाग में यह चञ्चल रहता है और इसी चञ्चलता के अन्दर प्रगति करने से उसमें अज्ञानी और ज्ञानी के गुण पैदा हो जाते हैं। ऊँचे क्षेत्र में आकर यह स्थित, ठहरा हुआ स्थिर और शान्त हो जाता है। उस समय इसको न कोई मूढ़ कह सकता है, न चञ्चल, न अज्ञानी न ज्ञानी।

यह हालतें उस पर केवल तीन घाट या तीन क्षेत्रों पर बैठने से आती हैं। यह उनके असर को अपना लेता है और उनके जैसा बन जाता है।

मूढ़, गतिशून्य को नहीं कहते हैं बल्कि सुस्त, बे अक्ल, बे तमीज अर्थात् निर्बुद्धि और निर्विवेकी को कहते हैं, जो कर्म करता है किन्तु न उसको जानता है और न परिणाम को जानता है, न बोल सकता है न कह सकता है। मूढ़ जगत के काम का क्षेत्र और वृत्त बहुत व्यापक है।

चञ्चल गतिशील को कहते हैं, जो बेचैनी, अशान्ति, आगा-पीछा, इधर-उधर, अगर-मगर किन्तु परन्तु में पड़ा रहता है। उसमें मूढ़ता तो है किन्तु इस मूढ़ता में इतनी नई हालत आगई है कि हिचकिचाता रहता है। एक दम निर्णय करने की ताकत उसमें

नहीं है। मूढ़ तो बिना आगा पीछा देखे कर्म करता है, चञ्चल में आगा पीछा रहता है, यह उनके बीच अन्तर है। फिर यही चंचल आगा पीछा की आदत की अधिकता से अज्ञानी हो जाता है। इसे निचले क्षेत्र के कर्मों का काफी अनुभव हो गया है और कुछ श्रेष्ठतर विवेक उत्पन्न हो गया है। जिसके कारण यह इतना जानता है कि संसार में इस कर्म का यह परिणाम होता है। यही विचार उसे शुभ और अशुभ फल का अधिकार प्रदान करता है। फिर जब यह शुभ और अशुभ फल को भोगते भोगते अनुभव की प्रौढ़ता प्राप्त कर लेता है (पुख्ता-कार बन जाता है), तो फिर उसमें ज्ञान की स्फुरना (स्फुरण) आरम्भ होती है। इस ज्ञान की सहायता से वह निचले बीच के और ऊँचे क्षेत्रों की सैर करते हुए उनके कर्मों के कारण और परिणाम के ज्ञान पर अधिकार प्राप्त करता है, और एतदाल (समत्व) का मार्ग अपना कर अपने आपको सँभाल लेता है। इसका क्षेत्र अपेक्षतः सीमित है।

शान्त और स्थिर ठहरे हुए को कहते हैं। शान्त नाम है आनन्दमय (लतीफ़) शुद्ध असलियत (जौहर) का। इसकी संस्कृत धातु 'शम्' है जिसका अर्थ ही शान्ति और स्थिरता (सुकून) है। यह इस दिल या मनकी ऊर्ध्वमुखी दशा है।

उदाहरणार्थ तुम खाना खाते हो। यदि मूढ़ हो तो जानवर की तरह खाने पर गिरे रहोगे और परिणाम की ओर से बेखबरी होगी जैसा कुत्ता और बिल्ली का हाल होता है। किन्तु मनुष्यता की हालत में यह कैफियत न होगी। तुम्हें स्वाद लेते हुए खाने की हालत का ज्ञान रहेगा। यह ज्ञान अधिकतर जिह्वा, दाँत और गले

तक ही सीमित है। गले के नीचे उतरते ही फिर ज्ञान नहीं रहता। यह ज्ञान बीच की स्थिति में दिल की विशिष्टता है, जो ज्ञान और अज्ञानता की मिली जुली ग्रन्थि है। इसी को जड़ और चैतन्य की ग्रन्थि कहते हैं। अब तुम मूढ़ क्षेत्र की ओर ध्यान दो! खाना खा लिया गया। वह पेट (मेदा) में आ गया। पेट उसे मूढ़ कर्म अर्थात् अज्ञानता के नियम के प्रभाव के अन्तर्गत हज़म करता है, मल-मूत्र, चर्बी, रक्त, धातु; वीर्य, ओजस आदि में परिवर्तित करके एड़ी से चोटी तक पहुँचाता रहता है। किन्तु न कोई बता सकता है न जानता है कि यह सब कैसे होता है, यद्यपि काम तुम्हारा निम्नस्तरीय मन और तुम ही किया करते हो और दूसरा कोई नहीं करता किन्तु बेखबरी और बेइल्मी रहती है। इसी का नाम मूढ़गति मूढ़कर्म और मूढ़चाल है। यह विस्तृत क्षेत्र घेरता है। बीच के अर्थात् हृदय के क्षेत्र के विषय में कुछ तो मैं पहले सुना चुका हूं। इसमें खाने का स्वाद, सुख तथा अधिकता और कमी का ज्ञान है जो सीमित है। यह उसकी पहली हालत है। फिर वह उसे बढ़ा कर अज्ञानी बनाता है, जिस हालत में वह अपनी शारीरिक अर्थात् स्थूल देह सम्बन्धी स्थितियों और घटनाओं की खबर तो रखता है किन्तु अपनी खबर नहीं रखता। फिर यह अनुभवों की व्यापकता के कारण प्रगति कर जाता है तो ज्ञानी हो जाता है, और समझ बूझ बढ़ जाती है। फिर भी यह उतना व्यापक नहीं होता। इसके बाद जब यह मन ज्ञानी होकर शान्त हो जाता है तो उसे आनन्द प्राप्त होता है, और शान्ति तथा स्थिरता की हालत में छेड़ देने से उसमें प्रज्ञा चक्षु का गुण (रोशन

ज़मीरी) आता है, और बेखबरी तक की खबर दे सकता है। यह मन की तीन सूरतें केवल उसकी अनेक बैठकों और स्थितियों के प्रभाव के कारण हैं जिसे तुम मन के घाट कहते हो।

प्रज्ञाचक्षुता तो ज्ञानी ही का एक भाग है। ज्ञानी के अतिरिक्त और किसी को प्रज्ञाचक्षु कहा भी नहीं जा सकता। किन्तु वह ऐसा ज्ञानी है जिसकी बैठक आत्मा या कारण शरीर में है जो आनन्दमय है। इसी को शास्त्र तुरीय कहते हैं। तुरीय का वास्तविक अर्थ बहुत कम लोग जानते हैं यह संस्कृत भाषा के प्रसिद्ध शब्द 'चतुर' से निकला है, जिसका अर्थ है चौथा। शब्द तो सभी जानते हैं किन्तु इसका अभिप्राय नहीं जानते। यह तुरीय चतुर्थ पद है, जो सत (हस्ती, अस्तित्व) चित (इल्म, चैतन्य) और आनन्द (सरूर, सुख, सुकून, स्थिरता) से ऊँचा है। अभी तक दिल के केवल तीन ही स्थान और बैठक बतलाए गये हैं किन्तु चौथे स्थान का ज़िक्र आगे आयेगा।

यह सत चित् आनन्द भी शरीरिक है। सत् अर्थात् हस्ती या अस्तित्व स्थूल देह अर्थात् कसीफ जिस्म है। जो दृष्टिगोचर हो और जिसके दृष्टिगोचर होने से उसके अस्तित्व का ज्ञान हो। जिस अस्तित्व को देखने, सुनने, सूंघने, छूने और चखने वाले को उसके अस्तित्व का ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा हो, जिसके लिए सिवाय उसके अस्तित्व के और किसी प्रकार की बहस, दलील और हुज्जत की आवश्यकता न रहे, वह सत् अर्थात हस्ती ही है। अब सोचो कि यह तुम्हारे स्थूल देह के विषय में है या नहीं।

यदि है और उसके होने को तुम मान रहे हो तो फिर उसकी सत्ता या हस्ती के मानने से इन्कार करना कठहुज्जती है। यह प्रत्यक्ष प्रमाण सिद्ध अर्थात् इन्द्रीय ज्ञान द्वारा सिद्ध या साबित है।

चित् (दिल या चैतन्य) सूक्ष्मशरीर और आनन्द (लतीफ़) आन्तरिक अर्थात् कारण शरीर है। जो सोचा जाये, सोचने में आये, सोच विचार से समझा जाय जो अपनी समझ बूझ, चिन्तन विचार और विवेक आदि से अपने ज्ञान की हालत को व्यक्त करे जिसकी चिन्तनात्मक विधि, अन्वेषणात्मक काट-छाँट, बौद्धिक प्रयत्न, दिमागी समझ और दिली जिद्दत (उन्मेष) और उपच द्वार सोचने वाले, विचार करने वालों, अनुभव करने वाले बुद्धिमान चेतन प्राणियों पर अपने मस्तिष्क की शक्ति का सिक्का बिठा सकें, जो अन्वेषक बुद्धि तुरन्त ग्रहण करने वाली समझ, विवेकपूर्ण विबोद्ध ज्ञान प्राप्ति की शक्ति और दूर तक देखने वाली बुद्धि द्वारा अपने आपको व्यक्त करता हो। वह दिल अर्थात शरीर की योग्यता और काबिलियत के अतिरिक्त और क्या होगा? इस दिल के अस्तित्व से इन्कार करना कठहुज्जती है। यह अनुमान सिद्ध है अर्थात कल्पना, विचार और बुद्धि सम्बन्धी ज्ञान द्वारा सिद्ध अर्थात साबित है।

आनन्द, आत्मा अर्थात् कारण शरीर आनन्दमय अलतफ़ और अन्तरम् (बातिन) का आन्तरिक शरीर है। यह आनन्द संस्कृत धातु 'नदि' (खुश होने या खुश करने) से बनता है। जिसके मेल से सुख उत्पन्न हो, जिसमें दुख का नाम निशान तक न रहे,

जो हीनता अपूर्णता, ग़रीबी, कमी त्रुटि आदि दोषों से रिक्त हो वह आनन्द है। इस आनन्द को कारण शरीर के अतिरिक्त और क्या कहा जायगा ? इसका सुख रूप होना शब्द सिद्ध है, अर्थात् शहादत (गवाही) से उसका ज्ञान स्वयं अपने आप को होता है। अब सवाल यह है कि शहादत अर्थात् गवाही किसको ? उत्तर यह है कि अपने आप शब्द से शहादत हो, इसके सिवा और किसी की गवाही कैसी ! तुम क़सीफ और स्थूल देह रखते हो यह तुम्हारे अस्तित्व (हस्ती) को अभिव्यक्ति और स्वीकृति का साधन है तुम भी इसको जानते हो यह शरीर न होता न तो तुम को अपना ज्ञान होता और न दूसरों को तुम्हारे अस्तित्व का ज्ञान होता।



[अगले अङ्क से इस लेख से आगे का लेख प्रारम्भ होगा]

गुरू, शिष्य और साधना

(श्री रामचन्द्र जी, अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन)

गुरू सबका सचमुच ईश्वर ही है, और हमको रोशनी हर काम की वाक़ई तौर पर वहीं से मिलती है। जिसने अपने दिल का शीशा साफ कर लिया उसको वहां से अनुभव होता है साधारण लोगों और खास व्यक्ति में अन्तर केवल इतना है कि खास बन्दा हर खटक को जो ईश्वरीय मंडल में होती है अनुभव करता है, साधारण लोग साफ न होने के कारण इस खटक का अनुभव नहीं करते। इस लिए ऐसे बन्दे की सोहबत की जरूरत होती है जिसके दिल का आईना साफ हो चुका हो और वह रोशनी अभ्यासी में दिल को साफ करके डाल सके। घर वही है, अन्तर केवल इतना है कि एक व्यक्ति ने साफ कर लिया है और दूसरा कूड़ा करकट जमा किये हुए है। इसलिए कहने को आप कह लें कि जिसमें रोशनी सीधे-सीधे आ रही हो वह उससे अच्छा है। मकान एक ही कारीगर का बनाया हुआ है और उसी के हुक्म से हम उसमें रहते हैं। जिसमें रोशनी है उसका मकान भी उसी का बनाया हुआ है। इसका अर्थ यह है कि मालिक एक है।

कोई व्यक्ति यदि गुरू की हैसियत से तामील करने के लिये मैदान में आता है तो इसका अर्थ यह हो जाता है कि जो रुतबा ईश्वर के लिये है वह रुतबा उसने अपना लिया है। जाहिर है कि एक मुल्क में दो बादशाह नहीं रह सकते। उनमें हमेशा लड़ाई झगड़ा ही रहेगा अतः यदि कोई व्यक्ति गुरू की हैसियत से

तामील करता है तो वह सही अर्थ में लाभ नहीं पहुँचा सकता। अतः आवश्यक है कि वह अपने आप को एक तुच्छ भाई समझे और ऐसा ही व्यवहार अपनाये। भाई, मुझे तो एक नाचीज बन्दा समझिए। ऐसे व्यक्ति को यदि खादिम (सेवक) समझ लिया जावे तो बहुत उचित होगा। खिदमत (सेवा) कई तरह से होती है शारीरिक और आत्मिक। मैं आप सब की आत्मिक सेवा करता हूँ, और शारीरिक सेवा में भी मुझे कोई शर्म या परहेज नहीं। मैं अपने गुरू महाराज के कदम ब कदम चलने की कोशिश करता हूँ, और यह मालिक पर निर्भर है कि वह इस विषय में मुझे कहाँ तक सफलता प्रदान करे। मेरे गुरू महाराज का यह हाल था कि हम सब को अपना भाई समझते थे, शिष्य का विचार कभी उनके दिल में तमाम उमर पैदा नहीं हुआ। मेरी राय यह है कि समय को देखते हुए तरीका भी बदलना चाहिए। पहले यह था कि गुरू अपने शिष्यों से सेवा ग्रहण करते थे, हाथ पैर दबवाते थे, इसलिए कि उनका संस्कार ईश्वर मार्ग के लिये बन जावे। कारण यह था कि हाथ दबवाने, पैर छुवाने से वह बिजली जो गुरू में मौजूद थी शिष्यों के शरीर में प्रविष्ट होती थी और उनके ख-याल का अटकाव भी सेवा की तरफ रहता था। इससे उनका खयाल गुरू से सम्पर्क (Touch) में रहता था। दूसरे अर्थ में अभ्यासी का ध्यान अपने गुरू की ओर मुड़ा रहता था, जिससे अभ्यासी की शुद्धता बढ़ती थी। अब चूँकि समय में बहुत कुछ परिवतन हो गया है, अतः इस स्थिति में भी परिवर्तन होना चाहिए। अर्थात् यदि यही सेवा गुरू अभ्यासी की करे तो अभ्यासी को वही फायदा मिलता है जो उसके गुरू की सेवा करने में मिलता था।

भाई मैं तो इसी बात को मानता हूँ कि गुरू अभ्यासी की सेवा करे अध्यात्मिक उन्नति में एक अवस्था ऐसी आती है कि उससे अपने आप रुहानी बिजली चारो ओर बिखरने लगती है और उनका फैलाव यहाँ तक हो जाता है कि उसकी यह शक्ति स-मस्त वायुमंडल और लोकों में छा जाती है असर स्वभावतः यह होता है कि हर चीज चार्ज हो जाती है। और भाई यह बात उस समय होती है जब किसी ऐसे व्यक्ति को प्रकृति स्वयं चुन लेती है, और उसकी स्थिति अवतार की हो जाती है इसको अवश्यावतार कहा जा सकता है अर्थात् आवश्यकता के लिए ऐसे व्यक्ति को बना देना। ऐसे चिन्ह जिस समय मिलें, समझ लेना चाहिए कि प्रकृति (कुदरत) उसमें होकर अपना काम कर रही है। ऐसी हालत में यदि कोई व्यक्ति तालीम न देना चाहे तो हो नहीं सकता। और वास्तव में ऐसा ही व्यक्ति पूर्ण रूपेण तालीम देने के योग्य है, यद्यपि ऐसा व्यक्ति कहीं हजारों वर्षों में पैदा होता है। फिर भी उसकी कृपा से यह दूर नहीं कि किसी समय पैदा कर दे। ऐसा आदमी सब को ढूँढ़ना चाहिए, अगर मिल जाय। अन्यथा यह अवश्य है कि महात्माओं का प्रसार कुछ न कुछ जरूर होता है जब असल खयाल ईश्वरीय तत्व में शामिल हो जाता है उस समय वह बड़ी हालत पैदा हो जाती है जो ऊपर लिखी है। इससे जितने नीचे दर्जे पर खयाल लय होता है उतने ही नीचे दर्जे पर फैलाव होता है। हमारे यहाँ कुछ न कुछ फैलाव हर अभ्यासी का जरूर हो जाता है, शर्त यह है कि एतक़ाद (श्रद्धा, विश्वास) दुरुस्त हो। ऐसी बड़ी हस्ती जिसको ऊपर बयान किया है अगर कहीं मिल जाय और उसके

फैलाव और विस्तार में यदि कोई अभ्यासी अपने आपको लय कर डाले और जिस हद तक लय कर डाले, उसी हद तक उसका भी फैलाव हो जाता है।

बड़ी प्रसन्नता की बात है कि कुछ भाइयों को मुझे अपने दर्शन देने का शौक पैदा हुआ है। भाई, मैं स्वयं चलता यदि उधर से खिचाव होता, बल्कि यों कहिए कि चलने पर मजबूर हो जाता। उनका यहाँ आने के लिए हर समय स्वागत है। यहाँ जंगल छानने की शिक्षा नहीं दी जाती, बीबी बच्चों को छोड़ने के लिए नहीं कहा जाता, कोई मजबूरी ऐसी नहीं लागू की जाती जो प्रकृति की इच्छा के विरुद्ध हो। वतन का सफर करना जरूर कहा जाता है। इस विचार से यदि उनसे यह कहा जावे कि आप स्वयं यहां तशरीफ लावें तो बेजा न होगा। इत्तफाक से यदि पहुँच गया तो मुझे बताने में कुछ शर्म या परहेज नहीं। बहरहाल आपके रिश्तेदार कभी न कभी आपके पास आते ही होंगे। जब आएं तो उनको वहीं अवसर मिल सकता है और उनको आप बुला भी सकते हैं। इसका अर्थ आप यह न समझिएगा कि मुझे जाने में किसी तरह का परहेज है।

नानक नन्हा हो रहो, जैसी नन्हीं दूब।
और घास जल जायगी, दूब दूब की दूब॥

मालिक की कैंची उसी पौधे पर चलती है जो सर उठाता है। गर्दन तानना एक ऐब है और यह जब तक दूर नहीं होता, तब तक अपने तल्ले की उसको खबर नहीं होती। तल्ले से मेरा

अभिप्राय यह है कि जब यह ऐब इन्सान बिल्कुल दूर कर ले तो उसके बाद जो हालत आती है उसको इस शब्द से व्यक्त किया गया है। इस हालत में रहना शराफ़त इन्सानी (मानवीय शील) है। यही चीज जब गाढ़ी हो जाती है तो मिस्कीनी सिफत (गरीबी का गुण) के दायरे में आ जाती है। जब यह हालत बन गई तो फिर वास्तव में वह बन्दा बन्दा हो गया। ऐसी हालत बनाने के लिए सैकड़ों तबज्जह और दुआएँ की जाती हैं। इन्सान को अपने स्तर से कभी बाहर न होना चाहिए और वही स्तर उबूदियत (चरम अस्तित्व) को विकसित करता है। और बन्दे के लिये यह चीज अनिवार्य कर्तव्य है। यहीं पर जैसा कि मैंने पहले कहीं लिखा है 'अहम्' (I, मैं) से बहुत कुछ छुटकारा हो जाता है। मतलब उद्देश्य इसके बाद सिद्ध होता है, भाई! अच्छा तो यह है कि आप जो कुछ भी हैं उस सबके साथ आप उस ओर जावें। अर्थात् कोई चीज ऐसी न रहे जिसका मुंह उस ओर न फिर जावे, अर्थात् समस्त शारीरिक और आत्मिक साज सामान के साथ जो कुछ भी है इस प्रकार उसके सुपुर्द किया जावे कि आप में सिवाय याद के कोई चीज बाकी न रह जावे।

अब सवाल पैदा होता है कि यह हालत कैसे पैदा हो। भाई, वही एक चीज 'याद' (स्मृति) सब कुछ पैदा कर देती है। अगर याद मौजूद है तो समझ लीजिए कि जिसकी याद है वह आपके करीब है। यदि तेज करके समीपता थोड़ा बढ़ने दीजिए फिर देखिए कि क्या आनन्द और नशा प्रारम्भ होता है, अर्थात

यह चीज यहाँ पहुँचने के लिए कितनी जल्दी करती है। जब यह चीज उस हद तक पहुँच गई जहां से कि शुरुआत है, अर्थात् कहीं इसने उस क्षेत्र, स्तर या वृत्त को स्पर्श कर लिया तो समझ लीजिए कि यार के दरवाजे की कुन्डी खटखटाने लगे। जब उसकी समझ में आ गया कि सचमुच यह मेरा खोजने वाला और प्रेम करने वाला है तो यह नितान्त आवश्यक शर्त हो जायगी कि वह आपके निकट आजाय और उस बन्दिश को तोड़ दे जिसने मकान के अन्दर जाने से आपको रोका है। भाई करके तो देखो तब यह मालूम होगा कि यह चीज क्या है। उस समय यह हालत प्रारम्भ हो जाती है कि:—'बिन पग चले सुने बिन काना,

कर बिन कर्म करे विधि नाना"।

जब यह बात प्राप्त होने लगी तो आपने ईश्वरीय गुण प्राप्त कर लिया।

अब सिफत (सगुणता) पर पहुँचे। यूँ कहो कि धूप में आए, तो मालूम हो गया कि यह रोशनी सूरज की है इससे पहले हमको केवल अपने गुणों की खबर थी। अब आपकी तैराकी उस चीज में होने लगी जो ईश्वर के बिल्कुल बाद है। यहां तक तो आगए अब और आगे बढ़ने की खुशखबरी मिलती है। जब याद इस हद तक तरक्की कर जाती है कि उस याद का पता नहीं रहता। (याद किसकी-ईश्वर की। दुनियादारी की याद से मेरा मतलब नहीं) यहाँ पर पहुँचने से याद की शक्ल दूसरी हो जाती है, और यह उससे आगे बढ़ने पर पता चलता है। इसको खोलना समय से पूर्व होगा, इसकी खुशखबरी इस हालत पर आने

पर उस वक्त मिलेगी जब आप वहाँ जाने के लिए अपने आप प्रयत्नशील होंगे। वैसे भाई, सीधी सादी बात तो यह है कि जो कुछ हो सब उसको यानी ईश्वर को दे डालें। बुजुर्गों ने तस्लीम व रजा की हालत ही आत्म-समर्पण (Self surrender) समझा है। एक नुस्खा अब मैं लिखता हूँ:—बस 'तड़प' उस तक पहुँचने की। यदि प्रारम्भ में असल पैदा न हो तो उसकी नकल ही करे अगर पागल की कोई व्यक्ति लगातार नकल करता रहे तो अवश्य ही वह पागल हो जायेगा। इसी प्रकार उस तक पहुँचने की तड़प की इन्सान नकल ही करता रहे तो आखिर में असल होकर रहेगा।

(एक अभ्यासी को लिखा गया पत्र)

दर्द भरे आंसू

(एक अभ्यासी की सच्ची कहानी)

मेरा १४-१५ वर्ष तक का जीवन संघर्षों में व्यतीत हुआ ही था कि अचानक मुझे आसाम जाना पड़ा। यहाँ आने पर संसार की ठोकरें और प्यार ने मुझे खूब रुलाया, और खूब हंसाया। मैं संसार को देख कर सोचने लगता था, यह संसार क्या है मनुष्य कैसे चलता फिरता है, इसके अन्दर कौन बोल रहा है मृत्यु के पश्चात यह सब कहाँ चला जाता है। बस ईश्वर की याद हृदय में समा गई और सोचता रहता था ईश्वर कहाँ है किस रूप में है उसको जानने की तड़फ प्रति दिन बढ़ती ही जाती थी कि दिन रात उसकी याद में पागल रहने लगा जोरों से याद आने पर दिल को रोक नहीं सकता था एकान्त में जाकर घन्टों पड़ा पड़ा सुबक सुबक कर रोता रहता था और रोते रोते यही आवाज निकलती थी, हे ईश्वर ! कब तक आँसू बहाता रहूँगा मेरी तड़फ को देखकर तुझे दया भी नहीं आती, तड़फाने की भी हद हो गई तू दर्शन क्यों नहीं देता, यह तो मुझे विश्वास है कि तू मौजूद है अन्यथा इस संसार को कौन चलाता, किस प्रकार तड़फ तड़फ रह जाता था लिखावट में नहीं आ सकती। याद आने पर अब भी कलेजा मुँह को आ जाता है।

संसार की तरफ से वैराग्य होने लगा, कीर्तन, सतसंग में भी जाने लगा, अनेकों संत महात्माओं का सतसंग भी करने लगा, अनेको सुविख्यात महात्माओं से पत्र व्योहार भी किया जो वर्षों

तक चलता ही रहा। श्री जयदयाल जी से भी पत्र व्योहार चला स्वामी शिवानन्द जी, सुखदेवानन्द जी, बम्बई के महा मन्डलेश्वर महेश्वरानन्द जी, पथिक जी कोहिमा के पहाड़ पर एक फकीर इन सब से भी पत्र व्योहार चलता रहा तथा मथुरा-ऋषीकेश-हरद्वार बनारस-नैमिषारन्य, मंसूरी आदि स्थानों में भी गुरू बनाने के ख्याल से गया। अनेकों साधनों पर कदम रखा तीन चार सौ रुपये की पुस्तकें भी मंगाई। और अपनी समस्या उनमें ढूढ़ने लगा कि कब तक इसकी याद में आँसू बहाता रहूँगा। एक हिमालय पहाड़ के महात्मा मिले। मुझे हटयोगी क्रियाएं नोली-धोती-बस्ती-नाड़ी गति को रोक देना प्राण वायु-अपान वायु को शरीर से निकालना और प्रवेश करने की क्रियाएं भी सिखाई। एक और महात्मा जो मिले त्रिटक विन्दुध्यान आदि साधन बतलाये वह भी करने लगा कुछ समय पश्चात एक और महात्मा जी मिले उन्होंने सबसे अच्छा २१६०० जाप नित्य करने का आदेश दिया और सब कुछ छोड़ने को कहा दोपहर के १ बजे से आरम्भ करता और रात्री के १० बजे तक २१६०० जाप किसी प्रकार पूरे कर पाता था। एक पुस्तक में गायत्री मन्त्र की प्रशंसा लिखी थी सब छोड़ कर अब गायत्री मन्त्र का जाप करने लगा और कीर्तन से आकर रामायण, गीता पाठ करके ईश्वर की याद में सो जाता था। मगर नींद कहाँ आती रात्री भर तारे गिनने में और ईश्वर कहाँ है इसी उधेड़ बुन में रात्री व्यतीत हो जाती थी और प्रातः ३ बजे उठकर स्नान आदि से निवृत होकर फिर मंत्र जाप एवं पाठ आदि में लग जाता था।

एकऔर कोहिमा पहाड़ में महात्मा जी मिले उन्होंने

विष्णु भगवान का इष्ट कर लेने का आदेश दिया अब मैं विष्णु भगवान का दिन रात स्मरण करने लगा मेरी लग्न यहाँ तक बढ़ती गई कि इष्ट से हमारी बातें इस प्रकार होने लगीं जिस प्रकार एक मित्र से साक्षात बातें किया करते हैं। वह उसीरूप में साक्षात दिखाई देने लगे जिस रूप को तस्वीर में देख देख कर आँखों में दिल में समा लिया था। ईश्वर साक्षात दिखाई देने लगा यह तो नहीं कह सकता हाँ मेरी भावनाओं के अनुसार काल्पनिक चित्र बन कर मेरे सामने आ जाता था। और यह नहीं कह सकता था कि यह कोई मूर्ती है और इस प्रकार बात चीत होने लगती जैसे मैं साक्षात किसी अपने मित्र से बातें किया करता हूँ।

दुकान के ऊपर एकान्त कमरे में पूजा घर बना रखा था गेरुआ वस्त्र भी रंग रखे थे पूजा के समय स्नान के पश्चात पहन लेता था और सच्ची लग्न से जैसे आसन पर बैठता वैसे ही आँखों से आंसुओं की धार जोरों से बहने लगती थी और मैं उसकी याद में बेहाल बेहोश पड़ा रहता था कुछ समय पश्चात देखता था मुझे कोई अपने हाथों से उठा रहा है आखें खुलने पर विष्णु भगवान का वही काल्पनिक रूप दिखाई देता था। और मेरे आंसू भी पोंछने लगते थे। जब रात्री होती और मैं कीर्तन में जाता तो वह भी मेरे साथ जाते थे और सामने रखी तस्वीर में साक्षात दिखाई देते थे, मैं कीर्तन जैसा लोग करते थे वैसा नहीं करता था चुपचाप एक कोने में बैठा बैठा उसकी तरफ देखता रहता था वह मुस्कराते दिखाई देते और जब वह चलने को होते तो मुझे इशारा करते थे और हम दोनों उठकर चले आते थे।

एक दिन मैं पूजा घर में खूब रो रहा था तड़फ रहा था और कमरे में चारो तरफ उसे पुकार २ कर पागल होता जा रहा था आँसुओं की धार किस तरह बह रही थी लिखी नहीं जाती ओह हद थी तड़फने और रोने की फिर भी उस दिन विष्णु भगवान् ने दर्शन नहीं दिये तीन दिन तक उपवास किया बगैर खाये पिये उसकी याद में पड़ा रहा, मगर वह फिर भी न आये मैं एक बगीचे में गया जहां एक महात्मा जी आये हुए थे सब कहानी सुनाई। महात्मा जी ने उत्तर दिया विष्णु भगवान से अच्छे तो शंकर भगवान हैं भोले भाले हैं उन्हें इष्ट बना लो, मेरी समझ में आगया इसलिए कि अधिकतर जनता शंकर भगवान की ही पूजा करती है। मैंने शङ्कर भगवान की पूजा शुरू की दिल में बेचैनी लग्न बढ़ती ही गई दिन रात उसी की याद में रहता था और खाते पीते चलते फिरते उसी के रूप का ध्यान करता रहता था नजदीक एक विख्यात शिव मन्दिर था। बहुत सी जनता उस मन्दिर में जाती थी बड़ी भीड़ रहती थी एक दिन मैं भी गया मैं चुपचाप एक तरफ कोने में खड़ा २ पूजा का ढङ्ग देखने लगा मैं समझ न पाया एक भक्त आया घन्टा बजाया शिव लिंग पर जल चढ़ाया, चन्दन पुष्प चढ़ाये और चला आया, और वह भक्त दुकान में आकर कम तोलना झूठ बोलना शुद्ध चीजों में मिलावट करता रहता था। रात्रि के १० बजे लगभग जब वहाँ कोई न रहा मैं मन्दिर में गया और शङ्कर भगवान से कहने लगा क्या भगवान तेरी भक्ति करने का यही रास्ता है जैसा कि तुम्हारे भक्त कर गये हैं।

मगर मुझ से ऐसा न हुआ मैं प्रेम में जो दिल में आता

गाने हँसने लगता था और कीर्तन भी उन्हीं के नाम का करता था मन्दिर के एक कोने में कीर्तन में इस तरह मस्त हो जाता था कि अपने आपको भूल जाता था और रात्रि को दो भी बज जाते थे किसी दिन रात्री ही बीत जाती थी। अब मैं शिव मन्दिर में दिन में न जाकर रात्री में कीर्तन से आकर ११ बजे लगभग जाने लगा मन्दिर में चौकीदार भी रहता था मैं चौकीदार की नजरों से बचे-कर चुपचाप मन्दिर के किवाड़ खोलकर अन्दर घुसकर फिर किवाड़ बन्द करके शिव लिंग से चिपट कर बेहोश पड़ा रहता था। आँसू धार तो मन्दिर में घुसने से पहले ही आंखों से बहने लगती थी, और दिल चाहता था फूट फूट कर रो लूँ। १५-२० दिन तक तो कुछ भी ज्ञात न हुआ एक दिन शंकर भगवान ने मुझे उठाया गले से लगाया और अचानक फिर गायब हो गये मगर मुझे सब्र न हुआ मैं समझता था यह मैंने स्वप्न देख लिया मगर आँखें खुली थीं मैं खड़ा हुआ था मगर फिर भी यही समझा मैं स्वप्न देख रहा हूँ। मगर अब मैं सोंचता हूँ काल्पनिक चित्र आँखों के आगे आ जाता था।

अचानक दार्जिलिंग जाना पड़ा। एक दिन मैं मकान के ऊपर खड़ा खड़ा हिमालय पहाड़ को देख रहा था जो बर्फ से ढका हुआ था अचानक बाजार की तरफ नजर पड़ी, देखता हूँ एक महात्मा अलख अलख की आवाज लगाता हुआ आ रहा है। मैं तुरन्त मकान से नीचे उतर कर उसके नजदीक तक पहुँचा और उसको देखकर समझ लिया एक अच्छा महात्मा है देखना चाहिए कहां जाता है शाम होने को थी वह वापस जंगल को जा रहा था

जहाँ कि वह ठहरा हुआ था मैं भी उसके पीछे पीछे चला जा रहा था वह भयानक एक पहाड़ की चट्टान में घुसा, मैं भी कुछ नजदीक पहुँच गया उसने दाढ़ी मूंछ जो नकली लगा रखी थी वह उतार कर रखी एक पत्थर हटाया वहाँ पैसे गिनकर रख दिए और ऊपर से पत्थर रख दिया कपड़े बदल लिये।

एक तहमत बांध लिया और अचानक मेरी तरफ उसकी नजर पड़ी मुझे देख कर वह चौंक पड़ा और बाद में कुछ मुस्क-राया और मुझे बुलाया मैं डरता डरता चला गया इसलिए कि ऊँची चढ़ाई अब तो भाग भी नहीं सकता था नजदीक पहुँचने पर वह फिर मुस्कराया और बोला बच्चा यह मेरा असली रूप तुम्हारे सिवाय किसी ने नहीं देख पाया, मैं छिप कर रहता हूँ तू भाग्य-शाली है मालूम होता है तुम्हें ईश्वर की लगन है, मैं तुम्हें साधन बतलाऊँगा, मैं गुमसुम खड़ा था। उन्होंने कहा अन्दर चट्टान में चलो, मुझे बेहोशी होती जा रही थी और मैं बैठ गया उन्होंने मुझे दोनों हाथों से उठाना चाहा कि उनके तहमत के अन्दर से गले में पड़ा रिवालवर का कुछ हिस्सा मुझे दिखाई पड़ा मेरा होश गुम हो गया और ईश्वर को याद किया और महात्मा जी ने हाथ पकड़ कर उठा लिया तब मैं पेशाब का बहाना बना कर पेशाब करने बैठ गया।

मारे भय के ईश्वर को याद कर रहा था कि अचानक दो मलेट्री के आदमी जो दार्जिलिंग घूमने आये थे रास्ता भूल गये वह हम लोगों को देख कर रास्ता पूछने के लिये आये। उनको

देखकर मुझे होश आया और उन लोगों ने महात्मा जी से पूछा बाबा हमें सुबह के भूले हुये हैं कृपा दारजीलींग का रास्ता बतला दीजिये मैंने तुरन्त कहा चलो मैं बतलाये देता हूँ तो महात्मा जी तुरन्त कहने लगे नहीं बच्चा नहीं जायगा लेकिन मैं जबरन उनके साथ चल पड़ा और कुछ दूर जाने पर मुझे होश आया सब बातें उन्हें कह बतलाई मलेट्री वाले मेरी बातें सुन कर फिर तुरन्त वापस आये तो देखते हैं वह महात्मा रुपया पैसा सब लेकर कहीं जंगल में छिप गया। मैं उन लोगों के साथ वापस दार्जिलींग आया और घर पर आकर ४-५ घन्टे बेहोश पड़ा रहा ४-५ महीनों के बाद फिर मुझे आसाम जाना पड़ा।

आसाम आने पर एक और महात्मा जी मिले और कहा ध्रुव जी ने 'ॐ नमो भगवते वासदेवाय' मन्त्र का जाप किया था यह जाप करो किसी को यह मन्त्र बतलाना नहीं। मैं मन्त्र का भी जाप करने लगा। भक्ति का रंग बढ़ता ही गया वह तो एकाएक बढ़ता ही जा रहा था यहाँ तक बढ़ा कि एक बार कीर्तन करते २ जंगलों में जाकर उसे पुकार २ कर जीवन अन्त करने के लिये चल पड़ा। अपनी आशा निराशा की कल्पनाओं की डोर के सहारे चलता ही जा रहा था। आंखों के आगे अंधेरा छा गया। घर बार सब छोड़ दिया, केवल एकेले को ईश्वर स्मरण सहारा था संसार आँखों से ओझल हो गया। कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था मगर भाग्य कहूँ या अभाग्य, एक मित्र ने मुझे जाते हुये देख लिया था। उधर घर वाले सब परेशान थे उन्होंने मेरा भेद बतला दिया और मेरे रिश्तेदार हवाई जहाज द्वारा वहाँ पहुँच गये और मुझे

ढूँढ़ लिया और विवस कर अपने साथ ब्रह्मपुत्र के किनारे ले आये वहाँ मेरी दशा देख कर उनकी आँखों में भी आंसू आ गये। और मुझे समझाने लगे नतीजा यह हुआ कि कि वह विवस मुझे वापस ले आये।

मगर अब तो और भी समस्या उलझ गई चारों तरफ नजर दौड़ाई संसार शून्य विहंग उजाड़ सा लगने लगा और यह हाल था मारे बेचैनी के कि सोचता था मैं कहाँ आ गया यह संसार क्या है, जब रात्रि होने को होती मैं तालाब के किनारे एक बगीचे में जाकर बेहाल पड़ा यह सब सोचता रहता था। अनेकों महात्माओं की शरण ली। मगर मुझे सच्चा गुरू पथ प्रदर्शक अभी तक न मिला। जहाँ भी पता लगा अमुक स्थान पर महात्मा जी अमुक जगह से पधारे हैं, मैं फौरन ही उनकी शरण में गया कुछ समय पश्चात् दुकान के कार्यवश फिर मुझे गुहाटी (आसाम) जाना पड़ा। मैं महासिंह राय मेघराज जो वहाँ की पुरानी फर्म है, अपना माल बेचने के लिए एक महीने लगभग से ठहरा हुआ था। वहां भी महात्माओं की खोज में इधर उधर भटकता रहा और सुबह अन्धेरे ही उठ कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे २ टहलता जाता था और फूट २ कर खूब जोरों से रोता जाता था अपने दिल दर्द को घूंट २ अन्दर ही पिये जा रहा था मेरे हृदय में एक उफान उठ रहा था। आँसू शब्द के साथ बह रहे थे कण्ठ रुक २ जाता था और बीच २ में यही आवाज निकलती थी हे भगवान कब तक आँसू बहाता रहूंगा। आँख हद हो गई तड़फाने की भी कब तक तड़फता रहूँगा। क्या इस से भी बढ़कर कोई तड़फ होती है। सुबक २ कर

रोने के पश्चात् दुकान पर आ जाता, श्री महासिंह राय मेघराज के मैनेजर से काफी दोस्ती हो गई थी उन्होंने कई अच्छे महात्माओं का पता बतलाया मैं गया भी मगर मेरा दिल संतुष्ट न हुआ काफी बनावटी महात्माओं से ठोकरें खा चुका था मैं महात्माओं की खोज में शिलांग पहाड़ पर चला गया और चेरापूंजी के रास्ते में उसे पुकारता पुकारता दूर सुनसान भयंकर जंगल में निकल गया वहाँ एक झरने के पास खड़ा होकर अपने जीवन का एक एक शब्द पढ़ना चाहता था मगर कुछ भी पढ़ न सका आँखों से टप टप आँसू बहते जा रहे थे और मैं पागलपन में चलता ही गया यहाँ तक कि एक गहन बन में एक महात्माजी पर नजर पड़ी मैं धीरे २ वहाँ तक पहुँचा प्रणाम किया और उनके चरणों में गिर पड़ा जैसे कोई बेहोश मानव अचानक गिर पड़ता है फूट फूट कर रोने लगा मेरी सुबकियाँ रुक न पाती थीं मैं चरणों में पड़ा रहा महात्माजी का चेहरा चमचमा रहा था बिजली की भांति उनके चेहरे पर तेज था उन्होंने मुझे पुचकारा और उठाकर हृदय से लगा लिया और पूछा बेटा क्या दुःख है इस भयानक जंगल में क्यों भटक रहे हो अभी तो तुम्हारा बहुत सा कर्त्तव्य बाकी है तुम अपने घर जाओ ईश्वर सब जगह है तुम्हारे माँ बाप दुःखी होंगे। मैं मौन था बेहाल था, मैंने कहा भगवन अब मैं आपकी शरण में हूँ, अब कहीं नहीं जाऊँगा मुझे संसार अच्छा नहीं लग रहा है, मेरा जीवन आप के चरणों में है। महात्मा जी ने समझाया और कहा मैं तुम्हारी सब दशाओं से परिचित हूं ईश्वर तुम्हारी मदद करे और मेरा बचन है तुम्हें सच्चा गुरू एक गृहस्थी में ही मिलेगा और वही

तुम्हारा पथ-प्रदर्शक होगा वह तुम्हें शीघ्र मिलेगा पाकर भी भूल न जाना वह मुझसे भी अच्छा रास्ता दिखाने वाला होगा। जाओ बेटा रात होने वाली है यहां जंगल में रहना अच्छा नहीं। मैं गुम शुम था, मैं नशे में था, चल पड़ा और रास्ते में हाय भगवान तू कहां है कहता हुआ वापस आ रहा था मुझे यह भी पता नहीं कि मैं चल रहा हूं या कहाँ हूं कहाँ नहीं, मैं वापस शिलांग आया रात्री अधिक हो चुकी थी शहर में जाने लगा एक पुलिस वाले ने आवारा समझ कर पकड़ कर दो तीन डंडे मारे और मुझे शहर में न जाने दिया। मैंरात्री में वहीं पड़ा रहा नींद कहाँ आती कभी तकदीर की तरफ नजर दौड़ती कभी यही याद आता ईश्वर तू कहाँ है दर्शन क्यों नहीं देता सुबह होते ही उस महात्मा जी की फिर याद आई और फिर वहीं जा पहुँचा। मगर सब जंगल ढूढ़ लिया वह महात्मा जी नहीं मिले मैं वृक्षों से चिपट चिपट कर वृक्षों की टहनियाँ गालों से लगा लगा कर रह जाता था और पूछता जाता था मेरा ईश्वर कहां है हाय ईश्वर क्यों मुझे तड़फा तड़फा कर तू मजा ले रहा है तू कहाँ है क्यों नहीं दर्शन देता रोता जाता था गाता जाता था और कभी मौन खड़ा रह जाता था वृक्षों की टहनियाँ गालों से लगाते ही रोम रोम में प्रेम बढ़ता था और एकाएक आँसू धार अपने आप वेग से बहने लगती थी आखिर ईश्वर तू कहाँ है हाय ईश्वर तू कहाँ है पागलों की भांति कहता हुआ वापस गुहाटी आ गया और कुछ भी अच्छा न लग रहा था मैं दिन भर मौन चुपचाप न किसी से बातें ही करता था न बाजार में ही जाता था निराश गुमशुम रहता था मैं शीघ्र ही वापस तिन-

सुकिया चला आया तो मुझे एक पत्र श्रद्धेय बाबू जी का प्राप्त हुआ। लिखा था भाई तुमने ईश्वर को जङ्गलों में ही समझा है, इसके मतलब ईश्वर सीमित है जो एक जगह जंगलों में ही घर बनाकर रहता है। सर्वव्यापक नहीं हैं। अगर सर्वव्यापक होता तो वह घर के कोने में भी होता। जब घर के कोने में भी है तो जङ्गलों में अपने कर्तव्य को ठोकर मारकर क्यों जाते। इस प्रकार का पत्र पढ़कर दिल गुम होगया और पत्र में लिखे शब्दों ने दिल में घर कर लिया। दूसरे ही दिन मैं शाहजहाँपुर के लिए चल पड़ा और श्रद्धेय श्री बाबू जी के दर्शन हुये। आँखों ने उस महान की महानता को न निरख पाया चुपचाप बेहोशी दशा में कमरे में पड़ा २ यह विचार करता था कि मैं धोखे में तो नहीं हूँ मगर उनके स्नेह निस्वार्थ प्यार ने मेरी आँखें खोल दीं और शिलाँग वाले महात्माजी का शब्द स्मरण हो आया मैं चरणों में गिर पड़ा और फूट २ कर मैं रो रहा था। मुझे अभ्यास बतलाया और अभ्यास आरम्भ कर दिया। अभ्यास द्वारा जो कुछ अनुभव हुआ किन शब्दों में बतलाऊँ? किसी प्रकार बतलाया नहीं जा सकता, अपना जीवन सदैव के लिए चरणों में अर्पित कर दिया।

× × ×

कमजोर मनुष्य की सहायता ईश्वर भी नहीं करता। कमजोर कौन है? केवल वह जिसे अपने ऊपर भरोसा न हो।

प्रार्थना

(ईश्वर सहाय)

उपासना का खास अङ्ग प्रार्थना है। कोई मजहब इससे खाली नहीं है। इसकी महत्ता हर जगह बताई जाती है। यह इन्सानी फर्ज भी है और कामयाबी की कुँजी भी है। हमारे यहाँ की कुल साधना में यह चीज पूरे तौर से समाई हुई है। प्रार्थना का अर्थ यह है कि हम लाचारी और मजबूरी की दशा का अनुभव करते हुए उस मालिक (प्रभु) के कुल से उसकी कृपा और सहायता की भिक्षा माँगते हैं। यद्यपि कि प्रार्थना के लिए कोई खास समय नियुक्त किया जा सकता है फिर भी रात के समय सोने से पहले का समय प्रार्थना के लिये ज्यादा उपयोगी है। इस समय हम हर काम से छुट्टी पाये हुए होते हैं और हर प्रकार के झंझटों से बहुत कुछ मुक्त होते हैं। वैसे प्रार्थना हर समय की जा सकती है। जब इस प्रकार की तबियत बन जाये और अगर स्वयं न बने तो फिर अपने आप बना ले।

एक बात यह भी जान लेना आवश्यक है कि प्रार्थना किस विधि से करना उचित है। साधारणतः प्रार्थना उन देवी देवताओं से ही की जाती है जो उस प्रकार काम के लिये नियुक्त माने गये हैं। यही तरीका आमतौर पर प्रचलित है परन्तु इस सम्बन्ध में मैं अपने गुरू महाराज द्वारा लिखित पुस्तक "सहज मार्ग के दस वसूलों की सरह का एक दृष्टान्त देता हूँ जहाँ उन्होंने लिखा है कि"

गुलामों से प्रार्थना करना मैं उचित नहीं समझता अर्थात् उन शक्तियों से जो मनुष्य के आधीन हैं और जिनको मनुष्य से ही शक्ति मिलती है" इससे पता चलता है कि इन छोटी शक्तियों अर्थात देवी देवताओं जो कि प्रकृति के कारखाने में मशीन के भिन्न २ पुर्जों के समान हैं उनसे प्रार्थना करना मूर्खता है। प्रार्थना केवल उसी से करना चाहिये जो सबसे बड़ा मालिक है और मालिक कहाने योग्य है।

किन बातों के लिए प्रार्थना करना उचित है। आम तौर पर प्रार्थना का केन्द्र केवल वही बातें होती हैं जिनका सम्बन्ध हमारे दुख सुख से है कोई रुपये के लिये प्रार्थना करता है तो कोई औलाद के लिये। कोई नाम इज्जत इत्यादि के लिये। कारण यह है कि हमारी दृष्टि में केवल वही बातें जमी हुई हैं जो हमें शारीरिक आराम पहुँचाती हैं। इस प्रकार से प्रार्थना केवल इच्छाओं की पूर्ति के लिये की जाती है। इससे परे निगाह ही नहीं जाती। परिणाम यह होता है कि संसारी सुख दुख के जाल में फँसे हुए कुएं में गोते लगाया करते हैं। शारीरिक सुख दुख आने जाने वाली चीजें हैं और हमारी इच्छाओं की भी कोई हद नहीं इसलिये इन चीजों को अधिक महत्व देना फँसाव की सूरत पैदा कर देना हैं जिससे संस्कारों का जाल और भी घना होता चला जाता है। जब हम इतने बड़े मालिक से प्रार्थना करने के लिये बैठते हैं तो उचित है कि उससे वैसी ही महत्व पूर्ण वस्तु मागे। यदि किसी राजा के पास कोई माँगने के लिये जावे और मांगे उससे एक पैसा तो यह कहाँ तक ठीक हो सकता है इसलिये

उचित यही है कि जब हम उस बड़े मालिक से प्रार्थना करें तो उन्हीं बातों के लिये जो हमारे अन्तिम ध्येय की प्राप्ति में सहायक हों। हमारे यहाँ इस छोटी सी प्रार्थना पर बहुत जोर दिया गया है और जो हर अभ्यासी के लिये अनिवार्य है।

हे नाथ तू ही मनुष्य जीवन का ध्येय है।
हमारी इच्छायें हमारी उन्नति में बाधक हैं।
तू ही हमारा एक मात्र स्वामी और इष्ट है।
बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है।

इस छोटी सी प्रार्थना में जीवन की कुल समस्याओं का हल मौजूद है और यही एक ऐसी चीज है जो इतने बड़े मालिक से माँगने योग्य है। अब संसारिक स्वार्थ के लिये प्रार्थना करना कहाँ तक उचित है। इस विषय में यह कहना है संसारिक स्वार्थ दो प्रकार के होते हैं एक तो वह जो हमारे संसारिक जीवन के लिए आवश्यक हैं और दूसरे वह जिनका सम्बन्ध हमारी इच्छाओं से है। मुख्य आवश्कताओं के लिये यदि जरूरत पड़े तो प्रार्थना करने में हर्ज नहीं है क्योंकि इसके बिना कर्तव्य पालन में कमी रह जाने की सम्भावना हो सकती है। परन्तु अपनी ऐश और आराम के लिए इच्छाओं की पूर्ति हेतु प्रार्थना करना गलती है।

अब यह आवश्यक है कि प्रार्थना किस ढंग से करना चाहिए। साधारणतयः प्रार्थना का ढंग यही रखा जाता है कि जिस देवी देवता से प्रार्थना की जाती है उसकी तारीफें करते हुये अपनी इच्छा की पूर्ति के लिये बार २ कहते रहें और वही शब्द

लगातार सौ बार हजार बार या इससे भी ज्यादा दोहरावें। मतलब यह है कि जितनी ज्यादा बार कहा जायेगा उतनी ही जोर दार प्रार्थना समझी जाती है। यह गलत है। प्रार्थना का सही ढंग यह है कि हम उस बड़े मालिक के सामने अत्यन्त दीनता के साथ एक भिखारी के समान अपनी दुखी दशा का नक्शा पेश करते हुये उसकी कृपा और अनुग्रह के इच्छुक के रूप में अपने आपको उसकी मर्जी के आधार पर छोड़ दें। जिस बात के लिये प्रार्थना करने बैठे हैं उसको दो चार बार मन में कहते हुये उसके सामने रख दें और फिर उसी ख्याल में लीन हो जाये। इस ढंग से कि शब्द बिलकुल गायब हो जाये केवल ख्याल ही बाकी रह जाये फिर इसमें और ज्यादा गहरे जाने की कोशिश करे और वह ख्याल भी गायब हो जाये। केवल एक सूक्ष्म ध्यान रह जाये। होते २ इस दशा पर आइये कि यह भी पता न रहे कि हम किस लिए बैठे थे। अलबत्ता इस दशा में वह ख्याल उसके अवचेतन मन में अवश्य स्थापित रहेगा जो कि बीज का काम करेगा।

इसका रहस्य यह है कि जब हम किसी बात के लिए प्रार्थना करने बैठते हैं तो उस पर ध्यान मग्न उस दशा पर पहुँच जाते हैं जो इससे अधिक सूक्ष्म है। अर्थात् हम गहराई में घुसना शुरू कर देते हैं। जब ख्याल की ठोसता भी जाती रहती है तो हम उस और भी सूक्ष्म दशा पर पहुँच जाते हैं जहाँ पर उस काम के बनाने के लिये कम्पन शुरू हो जाता है। जब हम और गहरे जाते हैं तो हम उस शक्ति से आलिंगन हो जाते हैं जो उस कम्पन का कारण है। वहाँ पर ठहराव की दशा पैदा हो जाने पर उसको

यह पता भी नहीं रहता कि जहाँ उसका ख्याल ठहरा था ठीक ढंग से अभ्यास करने पर यह बात असानी से प्राप्त हो जाती है। असल बात यह है कि जब हम ईश्वर को इतना महान मान लेते हैं तो हमारे अन्दर दीनता और नम्रता पैदा हो जाती है। इसका अर्थ यह हुआ कि थोड़ी देर के लिए हम झंझटों से अलग हो जाते हैं। ऐसी दशा में हमारी अध्यात्मिक शक्ति काम करना शुरू कर जाती है। जितना हम और मिटते चले जाते हैं शक्ति उतनी ही तेज होती चली जाती है। अन्त में वह पूर्ण रूप से काम करने लगती है और जो बात हम चाहते हैं उसके करने वाले हम स्वयं ही बन जाते हैं और हमारी ही ताकत काम करने लगती है।

वैराग्य

(कुमारी पुष्पा रानी सक्सेना)

[गतांक का शेष]

भगवान ही हमारे सन्निकट हैं। वह सदैव हमारे हृदय रूपी मन्दिर में ही रहते हैं। प्रश्न यह उठता है कि जब वह हमेशा हमारे हृदय में ही रहते हैं फिर दिखाई क्यों नहीं पड़ते ? जिसका उत्तर इस प्रकार है-जब सम्पूर्ण शरीर पूर्णरूप से निर्विकारी हो जायगा, हृदय कालिमा, स्थूलता तथा कठोरता से रहित हो जायगा एवं जब मानव शरीर में सद्विचारों का प्रादुर्भाव होने लगेगा, करुणा की धारा प्रवाहित होने लगेगी और द्वैत की भावना मिट जायगी तभी हमें उस अविनाशी प्रभु के दर्शन होंगे।

ज्ञानी पुरुष को माया चाहें जितना अपनी ओर आकर्षित करे किन्तु वह उस ओर ध्यान नहीं देते। जिस प्रकार से मेघों के आकाश में छा जाने पर भी आकाश को अपने रंग में नहीं रंग सकते, उसी प्रकार ज्ञानी पुरुष को सांसारिक भोग वासनाएँ अपनी ओर आकर्षित नहीं कर सकती। जिस प्रकार तेज वायु के चलने से पर्वत नहीं हिलते उसी प्रकार बार बार भोग समूहों के आक्रमण करने पर भी वैरागी पुरुष विचलित नहीं होते। क्योंकि—

धन जीवन सुख सम्पदा बादर की सी छांह।
सहजो आखिर धूप है, चौरासी के मांह॥

वह जानते हैं कि यह माया क्षणिक है जिस समय काल अपना विकराल रूप लेकर सामने आजायेगा, उस समय सिवाय उस परमपिता परमात्मा के और कोई साथ नहीं देगा। यह धन दौलत माया, ममता तो मृत्योपरान्त जहाँ की तहाँ रह जायगी अपने कहलाने वाले भाई बंधु भी सब यहीं रह जाएंगे, फिर इस अजर अमर अविनाशी आत्मा को माया के बन्धन में जकड़ कर क्यों कलुषित किया जाय?

एक उच्चकोटि के महात्मा के दर्शन को एक सेठ जी गए सेठ जी ने चरण स्पर्श के बाद महात्मा जी की वन्दना करते हुए प्रश्न किया कि महाराज आप कितने दयावान सुशील करुणा के सागर तथा ईश्वर निष्ट और पापरहित हैं? हमारा जीवन ऐसा क्यों नहीं है! उन्होंने कहा यह सब बाद को पूछना, पहले तुम अपनी सुनों तुम्हारी मृत्यु के केवल सात दिन ही बाकी रह गए हैं।

सेठ जी महात्मा जी की कही हुई बात को झूठ कैसे मानते? जल्दी से घर पहुँचे कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करें। बीमार होकर चारपाई से लग गए। छः दिन व्यतीत हो गए। सातवें दिन वही महात्मा जी सेठ जी से मिलने आए महात्मा जी ने पूछा, "कहिए सेठ जी क्या हाल है?" बस अब चलने की तैयारी है। महात्मा जी ने फिर पूछा 'इस छः दिनों में कितने पाप किए?" आसन्नमरण सेठ जी ने उत्तर दिया 'महात्मन् पाप करने की तो फुर्सत ही नहीं मिली, मौत एक सी सामने खड़ी थी। बस घन्टे गिन रहा था महात्मा जी ने कहा हमारा जीवन इतना निष्पाप क्यों है इसका उत्तर अब मिल गया न? मरण रूपी शेर सदैव सामने खड़ा रहे, तो फिर पाप सूझेगा किसे? पाप करने के लिए भी निश्चितता चाहिए। मरण का सदैव स्मरण रखना पापों से मुक्त होने का उपाय है।

ऐसे बहुत से गृहस्थ हो गए हैं जिन्होंने राज्य का संचालन सुचारु रूप से करते हुए वैराग्य प्राप्त कर लिया। उदाहरणार्थ राजा जनक को ले लीजिए सशरीर होते हुए भी उन्हें विदेह कहा जाता था। जिनके पास श्री व्यास जी ने अपने लड़के विरक्त शिरोमणि श्री शुक देव जी को ज्ञान प्राप्ति के हेतु भेजा था। जब शुकदेव जी जनक के भवन में पहुँचे तो जनक जी ने उनसे पूछा "कैसे आए" शुकदेव जी ने उत्तर दिया 'ज्ञान प्राप्त करने के लिए।' यहाँ आते हुए बाजार में तुमने क्या २ देखा? यहाँ चारो तरफ शकर की सजी हुई मिठाई दिखाई दी'। और क्या देखा,? चलते बोलते शकर के पुतले देखे' 'फिर क्या देखा'? यहाँ आते हुए शकर की सख्त

सीढ़ियाँ मिलीं'। फिर क्या मिला ? 'शकर के चित्र यहाँ भी सर्वत्र देखे'। अब क्या देख रहे हो' ? जनक जी ने अन्तिम प्रश्न किया 'शकर का एक पुतला शकर के दूसरे पुतले से बात कर रहा है'। श्री शुकदेव जी ने प्रत्युत्तर दिया। जनक जी ने कहा जाओ तुम्हें ज्ञान मिल गया। यही है ज्ञान की अन्तिम सीमा। हमारे समर्थ गुरू 'महात्मा श्री रामचन्द्र जी महाराज' फतेहगढ़ ने बहुत सरल स्पष्ट शब्दों में कहा है मानव को चाहिए कि वह अपने हृदय रूपी मन्दिर में केवल एक बुत को जगह दे और उसमें इतना ध्यान मग्न हो जाय कि उसे संसार की सुधि ही न रहे। अन्त में ध्यान की अवस्था इतनी गहरी हो जाए कि वह बुत भी याद न आवे। बस यही आखिरी मंजिल है। किसी ने कहा है—

दो नैनों का यही संदेश'
यह भी देख कुछ वह भी देख।
देखत-देखत इतना देख'
मिट जाय दुविधा रह जाय एक ॥

× × ×

गीता का कथन है कि मुझे जो जिस रूप में पूजता है वह मुझे उसी रूप में पाता है। परन्तु साधारणतः लोग उसे किसी रूप में भी नहीं पूजते। वे केवल रूप को ही पूजते हैं। इसीलिए लाभ कुछ नहीं होता। यही त्रुटि रहती है।

Gita

(Shri Ram Chandra President)

The simple unassuming character of mind changed with the march of time into a colourful disposition and began to shed its effect on every thing in us both outer and inner. Whatever therefore we took into our thought or action exhibited colourfulness in all its phases. Our excessive attachment to the environments and surroundings of the similar character created in us heaviness and grossness. Subtleness was lost. Every thing that came to our view was interpreted in the same light. This created not only veils over our understanding but the heart and brain also took over the same effect. Whatever we preached or gave out in writings had therefore the same trend of thought. It was the same tendency of mind which exhibited itself through all the numerous commentries written by men of learning. What rightly ought to have been is that one must have practically attained the state of mind required for the thorough understanding of things before he came out to explain it to others. The same was the case with our sacred Gita. There are numerous commentries and more are still being added. Almost every one attemp-

